AI और चैटबॉट्स पर नियमन करने वाले देश

प्रलिम्स के लिये:

देशों द्वारा प्रतिबंधित चैट जीपीटी, जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलजिंस, आर्टिफिशियल इंटेलजिंस हेतु राष्ट्रीय रणनीति।

मेन्स के लिये:

AI मॉडल से जुड़े मुद्दे, AI और चैटबॉट्स का विनियिमन करने वाले देश।

चर्चा में क्यों?

वयक्तगित डेटा **का संग्रह** और **बच्चों को AI चैटबॉट तक पहुँचने से रोकने के लिये सुरक्षा उपायों की अनुपस्थिति** के कारण **इटली ने हाल ही में** चैटजीपीटी **पर प्रतिबंध** लगा दिया है।

AI और चैटबॉट्स को विनियमित करने वाले अन्य देश:

- **भारत:**
  - नीतिआयोग ने **आर्टिफिशियल इंटेलजिंस और** रिसि्पॉन्सबिल एआई फॉर ऑल **पर राष्ट्रीय रणनीति** जैसे कुछ मार्गदर्शक दस्तावेज़ जारी किये हैं।
  - **सामाजिक और आर्थिक समावेशन, नवाचार एवं विश्वास** पर ज़ोर देता है।
- **यूरोपीय संघ:**
  - AI के लिये एक सामान्य नियामक ढाँचा पेश करने हेतु प्रस्तावित कानून को **यूरोपीय AI अधिनियम** कहा जाता है।
    - AI अधिनियम **जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (GDPR)** जैसे अन्य कानूनों के साथ मिलकर कार्य करेगा।
  - **यह कथित जोखिमों के आधार पर विभिन्न AI उपकरणों**, विभिन्न दायित्वों और पारदर्शी आवश्यकताओं को लागू करता है।
  - **सामान्य प्रयोजन के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) प्रणाली श्रेणी के तहत चैटजीपीटी शामिल हो सकता है,** यह ऐसे उपकरणों का वर्णन करता है जो कई कार्य कर सकते हैं।
- **यूनाइटेड किंगडम:**
  - कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के लिये मौजूदा नियमों के कार्यान्वयन हेतु विभिन्न क्षेत्रों में नियामकों से परामर्श लेते हुए**विभिन्न दृष्टिकोण** को रेखांकित किया गया।
  - कंपनियों द्वारा पालन किये जाने वाले **पाँच सिद्धांतों को रेखांकित करते हुए एक श्वेतपत्र प्रकाशित किया गया** , जिसमें सुरक्षा और मज़बूती; पारदर्शिता एवं व्याख्यात्मकता; निष्पक्षता; जवाबदेही तथा शासन एवं प्रतिस्पर्द्धात्मकता व निवारण शामिल है।
- **चीन:**
  - हालाँकि **चीन ने आधिकारिक तौर पर चैटजीपीटी को ब्लॉक नहीं किया है,** ओपनएआई (OpenAI) उपयोगकर्त्ताओं को देश में चैटबॉट के लिये साइनअप करने की अनुमति नहीं देता है।
    - ओपनएआई (OpenAI) **रूस, उत्तर कोरिया, मिस्र, ईरान, यूक्रेन** और कुछ अन्य भारी इंटरनेट सेंसरशिप वाले अन्य देशों के उपयोगकर्त्ताओं को भी ब्लॉक करता है।

नोट: अभी तक अमेरिका के पास AI और चैटबॉट पर व्यापक संघीय कानून नहीं है।

AI सॉफ्टवेयर और चैटबॉट्स से संबंधित उभरती चिंताएँ:

- **गोपनीयता:**
  - प्रशिक्षण AI मॉडल के लिये **बड़ी मात्रा में डेटा तक पहुँच की आवश्यकता होती है, जिसमें व्यक्तिगत और संवेदनशील जानकारी**

शामिल हो सकती है।

- इस बात का जोखिम है कि इस **डेटा का उपयोग अनैतिक उद्देश्यों के लिये किया जा सकता है,** जैसे- लक्षित विज्ञापन या राजनीतिक हेर-फेर के लिये।

- **उत्तरदायित्व:**
  - चूँकि AI मॉडल **चित्र, ऑडियो या टेक्स्ट जैसी नई सामग्री/कंटेंट तैयार कर सकते हैं, इसका उपयोग नकली समाचार अथवा अन्य दुर्भावनापूर्ण सामग्री उत्पन्न करने के लिये किया जा सकता है** और इसके आउटपुट के लिये ज़िम्मेदार कारक का पता लगाना कठिन हो सकता है।
    - इससे उत्तरदायित्व संबंधी **नैतिक दुविधा** उत्पन्न हो सकती है।
- **स्वचालन और रोज़गार में कमी:**
  - **AI कई प्रक्रियाओं को स्वचालित करने में सक्षम होता है, इससे अनेक संबद्ध क्षेत्रों में कुशल लोगों की नौकरी का विस्थापन हो सकता है या यूँ कहें की रोज़गार छिन सकता है।**
    - **यह नौकरी के विस्थापन के लिये AI के उपयोग की** नैतिकता और श्रमिकों तथा समाज पर संभावित प्रभाव पर प्रश्न उठाता है।

निष्कर्ष:

AI मॉडल का ज़िम्मेदारीपूर्ण और नैतिक तरीके से उपयोग सुनिश्चित करने के लिये विनियम एवं मानक स्थापित किये जाने चाहिये। AI मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिये उपयोग किया जाने वाला डेटा नैतिक तथा निष्पक्ष होना चाहिये क्योंकि **ये मॉडल मात्र उतने प्रभावी होते हैं जितने डेटा के आधार पर उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है।** इसमें यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि प्रशिक्षण के लिये उपयोग की जाने वाली सूचना इस प्रकार एकत्रित और लागू की जाए जो [लोगों की गोपनीयता]() का सम्मान करती हो तथा पूर्वाग्रहों से मुक्त हो।

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. विकास की वर्तमान स्थिति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता निम्नलिखित में से किस कार्य को प्रभावी रूप से कर सकती है? (2020)

1. औद्योगिक इकाइयों में विद्युत की खपत को कम करना
2. सार्थक लघु कहानियों और गीतों की रचना
3. रोगों का निदान
4. टेक्स्ट से स्पीच में परिवर्तन
5. विद्युत ऊर्जा का बेतार संचरण

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2, 3 और 5
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

उत्तर: (b)

प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2018)

कभी कभी समाचारों में आने वाले शब्द	**संदर्भ/विषय**
1. **बेल II प्रयोग**	**कृत्रिम बुद्धिमत्ता**
2. ब्लॉकचेन तकनीक	डिजिटल/क्रिप्टोकरेंसी
3. CRISPR-Cas9	कण भौतिकी

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (b)

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/countries-regulating-on-ai-and-chatbots